भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3173

जिसका उत्तर 06.08.2026 को दिया जाना है

केरल में एनएच 66 पर सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि

†3173. श्री शफी परम्बिल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने केरल में चल रहे सड़क चौड़ा करने और निर्माण कार्यों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग-66 के विभिन्न खंडों पर सड़क दुर्घटनाओं, यातायात की भीड़-भाड़ और जन शिकायतों की बढ़ती संख्या पर ध्यान दिया है;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान केरल में राष्ट्रीय राजमार्ग-66 पर हुई दुर्घटनाओं, मौतों और घायल होने की संख्या सहित तत्संबंधी खंड-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने केरल में चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं विशेष रूप से यातायात के मार्ग परिवर्तन की व्यवस्था, संकेतक, जल निकासी, पैदल यात्रियों की सुरक्षा और निर्माण मानकों के संबंध में कोई सुरक्षा लेखा परीक्षा कराई है;

(घ) वाहनों की सुरक्षित आवाजाही, परियोजनाओं को समय पर पूरा करने और ठेकेदारों की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं अथवा किए जाने का विचार है; और

(ङ) केरल में कार्यान्वित की जा रही सभी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है और उनके पूरा होने की मूल समय-सीमा, संशोधित समय-सीमा, परियोजना लागत और विलम्ब के कारण, यदि कोई हों तो, क्या हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से कैलेंडर वर्ष के आधार पर सड़क दुर्घटना के आंकड़े एकत्र किए जाते हैं और इन्हें वार्षिक प्रकाशन "भारत में सड़क दुर्घटनाएं" में प्रकाशित किया जाता है। वर्ष 2022 से 2024 के दौरान केरल राज्य के सभी राष्ट्रीय राजमार्गों, जिनमें राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 66 भी शामिल है, पर हुई सड़क दुर्घटनाओं, मृतकों और घायलों की संख्या निम्नलिखित है:

वर्ष	दुर्घटनाओं की संख्या	मृतकों की संख्या	घायलों की संख्या
2022	17627	1197	17799
2023	10640	1056	12105
2024	9757	940	11060

2025*	9438	917	11556

*ईडीएआर पोर्टल पर दिनांक 05.08.2026 तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार।

(ग) परियोजना कार्यान्वयन चरण के दौरान और साथ ही संचालन और रखरखाव (ओ एंड एम) चरण के दौरान समय-समय पर योग्य स्वतंत्र लेखा परीक्षकों द्वारा स्वतंत्र सड़क सुरक्षा लेखापरीक्षा (आरएसए) की जाती है ताकि सड़क सुरक्षा से संबंधित संभावित कमियों को चिह्नित की जा सके और उनका समाधान किया जा सके।

(घ) राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) का निर्माण भारतीय सड़क कांग्रेस के मानकों, दिशा-निर्देशों, नियमावली, कार्यप्रणाली संहिता और सड़क एवं पुल निर्माण संबंधी विशिष्टताओं के अनुसार किया जाता है। सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय, जिनमें दुर्घटना रोधी अवरोधक, साइनबोर्ड, सुरक्षा चिह्न, फुटओवर ब्रिज आदि शामिल हैं, डिजाइन, निर्माण, संचालन और रखरखाव के चरणों में किए जाते हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों को वाणिज्यिक यातायात के लिए खोलने से पहले नवनिर्मित सड़कों के स्वतंत्र मूल्यांकन हेतु सड़क सुरक्षा का लेखा-परीक्षा किया जाता है। सड़क को जनता के लिए खोलने से पहले, सड़क साइनबोर्ड और चिह्नों से संबंधित सभी चिह्नित सड़क सुरक्षा मुद्दों का समाधान किया जाता है। इसके बाद, परियोजना राजमार्ग के संचालन के दौरान, संचालन चरण में उत्पन्न होने वाली सुरक्षा समस्याओं की पहचान करने के लिए नियमित अंतराल पर मूल्यांकन किया जाता है और समयबद्ध तरीके से आवश्यक सुधारात्मक उपाय किए जाते हैं।

(ङ) केरल राज्य में कार्यान्वित की जा रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का विवरण क्रमशः अनुलग्नक-I और II में दिया गया है।

अनुलग्नक -I

केरल में एनएच 66 पर सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि के संबंध में श्री शफी परम्बिल द्वारा दिनांक 06 अगस्त, 2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3173 के भाग (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

केरल राज्य में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (भाराराप्रा) द्वारा कार्यान्वित की जा रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का विवरण

क्र. स.	परियोजना खंड	कुल लंबाई (किमी)	कुल परियोजना लागत (करोड़ रुपये)	निर्धारित समापन तिथि	वास्तविक प्रगति (%)	पूरा करने की तिथि (वायडक्ट्स को छोड़कर)	वायडक्ट, आरओबी आदि को पूरा करने की तिथि
1	चेंगला-नीलेश्वरम को 6 लेन का बनाना	37.3	2538.06	11.04.2024	91	31.05.2026	31.03.2027
2	नीलेश्वरम-थालिप्परम्बा को 6 लेन का बनाना	40.1	3867.66	11.04.2024	87	31.05.2026	31.03.2027
3	थालिप्परम्बा-मुझापिलांगडु को 6 लेन का बनाना	29.9	3557.65	26.05.2024	84	31.03.2027	30.04.2028
4	अझियूर-वेंगलम 6 लेन का बनाना	40.8	3898.46	31.05.2025	68	31.03.2027	30.03.2028
5	कप्पिरिक्कड़-थलिककुलम 6 लेन का बनाना	33.2	4225.59	26.01.2025	95	30.06.2026	30.06.2027
6	थालिककुलम-कोडुंगल्लूर को 6 लेन का बनाना	28.7	4302.06	14.02.2025	94	30.06.2026	30.06.2027
7	कोडुंगल्लूर-एडापल्ली को 6 लेन का बनाना	26	3606.2	21.04.2025	71	31.12.2026	31.05.2027
8	एलिवेटेड हाईवे अरूर-थुरवूर को 6 लेन का बनाना	12.7	2382.83	31.01.2026	91	06.01.2027	-----
9	थुरवूर-परवूर को 6 लेन का बनाना	38.4	2638.67	12.09.2024	81	31.12.2026	31.05.2027
10	परावूर-कोट्टुकुलंगारा को 6 लेन का बनाना	37.5	3273.61	24.02.2025	77	30.04.2027	30.11.2027
11	कोट्टुकुलंगरा का कोल्लम	31.5	3680.4	07.10.202	77	30.04.202	31.12.202

	बाईपास की शुरुआत को 6 लेन का बनाना		9	4		7	7
12	कोल्लम बाईपास-कदमबत्तुकोणम की शुरुआत को 6 लेन का बनाना	31.2	3023.78	28.02.2025	96	30.06.2026	30.06.2027
13	कदंबत्तुकोणम-कज़ाकुट्टम को 6 लेन का बनाना	29.8	3451.76	11.08.2025	77	30.04.2027	7.67 किमी लंबे वायडक्ट को परियोजना से हटा दिया गया है।
14	तिरुवनंतपुरम बाईपास खंड में 4 दुर्घटना संभावित स्थलों का निवारण	2.4	130.55	21.08.25	41	----	31.07.2027
15	कोच्चि-मुन्नार मार्ग का 2लेन /2लेन + पीएस तक चौड़ीकरण।	124.6	1231.74	25.06.25	64	----	31.03.2027
16	वालयार से अंगामली तक 11 दुर्घटना संभावित स्थल का निवारण	12.1	510.28	28.07.26	57	----	31.01.2027
17	वालयार से अंगामली तक 17 दुर्घटना संभावित स्थलों का निवारण	17.3	678.40	13.03.28	2.5	----	13.03.2028
18	कोझिकोड बाईपास को छह लेन का बनाने के लिए मौजूदा चार दो लेन वाले प्रमुख पुलों के चौड़ीकरण का शेष कार्य।	1.9	125.96	05.03.2026	62.5	----	30.12.2026
19	थलस्सेरी माहे बाईपास में किमी 184.850 पर अंडरपास का निर्माण, स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति और स्थापना, सर्विस रोड का निर्माण और अन्य विविध कार्य।	1.1	40.40	20.05.2026	65	----	31.05.2027

अनुलग्नक -।।

केरल में एनएच 66 पर सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि के संबंध में श्री शफी परम्बिल द्वारा दिनांक 06 अगस्त, 2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3173 के भाग (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

केरल राज्य सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का विवरण

क्र. सं.	राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना कार्यान्वयन के अधीन	निर्धारित मूल समापन	संशोधित समय-सीमा	परियोजना लागत	विलंब का कारण
1	ईपीसी मोड पर एनएच 966 (पुराना एनएच 213) के किमी 87/000 से किमी 133/720 (नट्टुकल से पलक्कड़ में थानाऊ जंक्शन तक) के पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन का चौड़ीकरण ।	22.08.2019	30.05.2025 तक ईओटी की अनुमति दी गई है।	294.26	स्थानीय लोगों और जन प्रतिनिधियों के विरोध के कारण, टोल प्लाजा का स्थान मूल प्रस्तावित स्थान से बदलकर दूसरे स्थान पर कर दिया गया।
2	केरल राज्य में वार्षिक योजना 2024-25 के तहत ईपीसी मोड पर एनएच766 पर थामरस्सेरी चुरम के घाट खंड में चयनित 3 स्थानों पर जहां वन भूमि उपलब्ध कराई गई है और चेनेज (i) हेयरपिन मोड़ संख्या 6 (किमी 50+400 से 50+620) (ii) हेयरपिन मोड़ संख्या 7 (किमी 51+590 से 51+680) (iii) हेयरपिन मोड़ संख्या 8 (किमी 51+860 से 51+900) पर ज्यामितीय सुधार ।	18/05/2026	18.02.2027	37.16	वन विभाग से अनुमति मिलने में देरी के कारण वृक्ष काटने में देरी हुई।
3	वर्ष 2025-26 के लिए अल्पकालिक रखरखाव संविदा (एसटीएमसी) के तहत एनएच 185 पर किमी 15/500 (पकुथिपलम) से किमी 42/725 (डबल कटिंग) और किमी 56/550 (वेल्लायमकुडी) से किमी 61/000 (वल्लाक्कडावु) तक के खंडों पर अल्पकालिक सुधार और नियमित	28.10.2026		1.9993	

	रखरखाव कार्य।				
4	केरल राज्य में एनएच 183 के 106/700 से 126/700 तक के एसटीएमसी	11.11.2026		2.59	
5	सामान्य - एसटीएमसी 2025-26 - केरल राज्य में एनएच 766 के 76,000 से 117,000 किमी तक में अल्पकालिक सुधार और नियमित रखरखाव	15.01.2027		4.9997	
6	केरल राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग 183 के किमी 160/000 से 215/450 के बीच (किमी 172/700-185/500 और 205/180-210/000 को छोड़कर) अल्पकालिक सुधार कार्य।	18/05/2027		4.92	
7	पीबीएमसी मोड के तहत एनएच 183 ए के किमी 89.10 (कनामला) से किमी 103.20 (एरुमेली) के बीच निष्पादन आधारित रखरखाव ।	5 वर्ष (11/09/2029)		10.0383	
8	केरल राज्य में एनएच 183ए के निष्पादन आधारित रखरखाव का संविदा भरनिक्कावु (किमी 0/000)-नेल्लिमूतिलपाडी (किमी 16/000), अडूर (किमी 17/200)-कैपत्तूर (किमी 27/300) और पथानामथिट्टा रिंग रोड से मायलाप्रा (किमी 32/940 से किमी 37/300 तक 900 मीटर का खंड) तक - पीबीएमसी 2023-24	28.07.2029 (पांच वर्षीय रखरखाव अनुबंध)		25.5364	
9	केरल राज्य में पीबीएमसी रखरखाव योजना 2025-26 के अंतर्गत एनएच 183ए के प्लापल्ली किमी 72/390 से कनमाला किमी 86/660 और एरुमेली किमी 103.200 से मुंडाक्कयम जंक्शन किमी 116.800 के बीच निष्पादन आधारित रखरखाव संविदा कार्य ।	5 वर्ष (9.6.2031)		26.9273	
10	पीबीएमसी रखरखाव योजना 2025-26 के अंतर्गत एनएच 183 के किमी 72/700 से किमी 74/700 और किमी 126/700 से 160/000 तक निष्पादन आधारित रखरखाव संविदा कार्य।	5 वर्ष (6.5.2031)		31.27	
11	केरल राज्य में एनएच 183 ए के 036)	14/02/2025	12/05/202	2.4194	इस खंड में

	को सड़क सुरक्षा वार्षिक योजना 2023-24 के अंतर्गत मद-दर मोड में सिनिमापराम्बु (किमी 1/900), कदम्पानाडु (किमी 6/250 (केएल-(04)04)), नेल्ली मुकल(11/000), वेल्लाकुलंगारा(किमी 14/750), पन्निविझा(किमी 17/900(केएल)-(03)035)), मनकुझी (किमी 26/800), ओमल्लूर (किमी 29/000 (केएल)-(031-037), पथानमथिट्टा स्टेडियम जंक्शन (किमी 32/940(केएल)-103) पर दुर्घटना संभावित स्थल का सुधार कार्य-आवंटित।		6		पीबीएमसी का काम चल रहा था और पीबीएमसी में सड़क की मरम्मत के बाद ही यह काम शुरू किया गया।
12	सड़क सुरक्षा वार्षिक योजना 2023-24 के संदर्भ में ईपीसी मोड के अंतर्गत केरल राज्य में एनएच 183 पर मनोरमा जंक्शन (किमी 107.2 से 108.2: केएल-(03)-52), प्लांटेशन जंक्शन (किमी 109.35 से 110.00: केएल(03)-051), अन्नादिव्याल जंक्शन (किमी 117.35 से 118: केएल-(03)-047), नेदुमकुझी/9वां मील (किमी 124/850-125/400: केएल-(03)-050) पर दुर्घटना संभावित स्थल का सुधार कार्य।	14/01/2026	15/05/2026	10.2051	श्रम की कमी, अप्रत्याशित घटना, कच्चे माल की कमी।

*****